

# तरुण छत्तीसगढ़


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-254 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



एक नजर

### इस्पात क्लबों के नवीनीकरण के लिए संयंत्र प्रबंधन ने किया भूमि पूजन



**भिलाई, 13 दिसम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के हित में यूनियन द्वारा, इस्पात क्लब सेक्टर-4 एवं सेक्टर-7 का आधुनिक तरीके से नवीनीकरण किये जाने की मांग की जा रही थी। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए, सेक्टर-4 एवं सेक्टर-7 इस्पात क्लब का नवीनीकरण किये जाने का निर्णय लिया और इसमें विलंब ना करते हुए, इस कार्य को मूर्तरूप देने हेतु कार्यादेश भी जारी कर दिया है। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र धारदार हथियार दिखाकर लोगों को धमकाने वाले दो बदमाशों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों के पास से नारियल काटने वाला लोहे का हथियार बरामद किया गया है दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि रात को गदा चौक के पास निजामी चौक हड्डी गोदाम के पास सुपेला निवासी बिलाल खान (30) हथियार दिखाकर लोगों को धमका रहा था इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया दोपहर में कोसा नगर टोल प्लाजा के पास आरोपित राहुल यादव (20) निवासी गौतम नगर मजार के पास लोगों को हथियार दिखाकर धमका रहा थ पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया दोनों आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया है।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 13 दिसम्बर।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम गोडसे में ग्राम माखनपुर पाली जिला कोरबा निवासी सुनील मरकाम (23) से चाकू की नोक पर 2700 रुपये और हाथ घड़ी लूटने के मामले में पुलिस ने गोडपेड़ी निवासी आरोपित नकुल वर्मा (23), चंदन भंडारी (19) और अनिकेत रात्रे (19) को गिरफ्तार किया है पीड़ित को अपने दोस्त उत्तम कुमार आरमोर के साथ गोडपेंडी में अपने दोस्त महेंद्र एवं अर्जुन से मिलने के लिए आया था। इसी दौरान रविवार को दोपहर में आरोपितों ने चाकू दिखाकर पीडित से लूटपाट की थी घटना की शिकायत पर उतई पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर उनकी तलाश शुरू की थी और उन्हें गिरफ्तार किया ।

### निगम का शहर के तालाबो,सड़के,नालियों व सार्वजनिक क्षेत्र में सफाई अभियान जारी

**दुर्ग, 13 दिसम्बर।** भारत सरकार द्वारा महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और स्वच्छता की अद्भुतता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर निगम दुर्ग द्वारा आज भी विशेष सफाई अभियान किया गया।नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमला द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान के अंतर्गत तालाब,सड़कें,नालियों, सार्वजनिक क्षेत्र, व्यवसायिक क्षेत्र, बस स्टैंड,नयापारा, नदी रोड, सिविल लाइन, बोरसी, बोरसी भाटा, पचरीपारा,सिकोलाभाठा, कसारीडीह,आदर्श नगर,कैलाश नगर,रामनगर,उरला,गंजपारा आदि क्षेत्रों में की साफ-सफाई के माध्यम से किया गया।छत्तीसगढ़ शासन एवं निगम प्रशासन के मार्गदर्शन में सफाई अभियान किया गया। नगर निगम द्वारा आज से 25 दिसंबर तक आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनसामान्य को घरों,सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, स्वच्छता से जुड़े बीमारियों को नियंत्रित करने, स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने, स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षा,शौचालय का उपयोग और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### छेड़छाड़ का आरोपी पकड़ा गया



**भिलाई, 13 दिसंबर।** भिलाई वैशाली नगर पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि 8 दिसंबर की शाम 7.30 बजे किराना दुकान से सामान लेकर अपने घर जा रही प्रार्थिया को मोहल्ले का रहने वाला जब्बार उर्फ बदशाह ने छेड़छाड़ किया। रिपोर्ट पर वैशाली नगर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी जब्बार को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रदेश में नई सरकार बनने पर भाजपा में जश्न का माहौल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता













**भिलाई,13 दिसंबर।** प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार बनते ही लोगों की आकांक्षाओं के द्वार खुल गए हैं। हर किसी का अपना सपना है और हर किसी का सुझाव। लोग चाहते हैं कि नई सरकार न केवल अपनी घोषणाओं पर अमल करे बल्कि नए कार्यक्रम भी लेकर आये जिससे बेरोजगारी की समस्या दूर हो, कृषि एवं उद्योग के साथ ही व्यापार-व्यवसाय के क्षेत्र में उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो। तरुण छत्तीसगढ़ से बात करते हुए लोगों ने इस प्रकार से अपनी राय रखी -

शहर के युवा उद्योगपति एवं शुक्ला इंडस्ट्रीज के संचालक अनिल शुक्ला ने छत्तीसगढ़ की नयी सरकार से अपेक्षा की है कि यह सरकार उद्योग-व्यवसाय के क्षेत्र में नयी नीतियों को लाकर उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ावा देगी और राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर रखेगी। खासकर लघु एवं सहायक उद्योग जो बीमार या बंद होने की कगार पर हैं उन्हें पुनर्जीवित कर नए काम देने का प्रबंध करेगी। अनिल शुक्ला ने ख़राब सड़कों और नालियों को भी ठीक कर विकास को गति देने की अपेक्षा की।

अंचल में युवा उद्योगपति एवं इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल इंडिया (ईईपीसी इंडिया) भिलाई चैप्टर के कन्वेनर अंकित मेहता ने भारतवर्ष की सनातनी परम्परा के महत्त्व रेखांकित करते हुए नयी सरकार से अपेक्षा की है कि छत्तीसगढ़ को उड़ता पंजाब बनने से रोकना होगा। धान खरीदी को लेकर राजनीति बंद होनी चाहिए। नयी गाइडलाइन जारी हो। खासकर क्वालिटीवाइज धान खरीदी हो और किस वैरायटी का धान है इस पर भी ध्यान रखा जाय। माफिया राज समाप्त हो। उद्योगों को बढ़ावा मिले। बाहरी पूंजी निवेश, प्रदर्शनियों के माध्यम से उद्योगों के प्रति आकर्षण बढ़े। इसके लिए विदेशों में शो करना चाहिए। युवा वर्ग जो बाहर जा रहा है अट्रैक्शन पालिसी लागू कर रोकना चाहिए और हमारा टैलेंट हमारे काम आए इसका नियोजन करना चाहिए। लोकल प्लेसमेंट पर ध्यान देकर युवाओं का सदुपयोग हो। युवा उद्यमी अंकित मेहता ने भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हॉस्पिटल खोलने की भी बात की।

शहर के प्रमुख कपडा व्यवसायी एवं महावीर क्लॉथ सेंटर के संचालक आर सी पारख ने कृषि भूमि के घटते रकबे पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि यह नई सरकार के लिए चुनौती है कि खाद्यान्न का उत्पादन कैसे बढ़े और खेती की जमीनें सुरक्षित रहें। पारख ने कहा कि खेती की जमीनों पर मकान, बिल्डिंगें बन रही हैं यह घोर चिंता का विषय है। इससे खेती की जमीनें सिकुड़ रही हैं और अनाज का उत्पादन घट रहा है। हाइब्रिड फसल लोगों के स्वास्थ्य के साथ ही कृषि की मिट्टी पर भी असर डाल रही है। यह जहर के समान है।

पशु चिकित्सा के जानकार, समाजसेवी एवं साहू मेडिकल के संचालक सुरेश कुमार साहू ने कहा कि नई सरकार से अपेक्षा है कि पशु चिकित्सा को उन्नत बनाने की दिशा में व्यापक काम हो। पशु औषधालयों का आधुनिकीकरण हो साथ ही पशुधन की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध करने की भी जरूरत है।

सिंधी समाज भिलाई सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर-4 के अध्यक्ष एवं समाजसेवी जय कुमार अम्बवानी ने नई सरकार को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अनुभवी और पुराने राजनेता हैं वे राज्य की समस्याओं और लोगों की महत्वाकांक्षाओं को बखूबी समझते हैं। निश्चित तौर पर यह सरकार प्रदेश के हित में फैसले लेकर लोगों को राहत देगी और प्रदेश तरक्की की राह पर चल निकलेगा।

शहर के प्रमुख ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अरोरा ट्रांसपोर्ट के संचालक राजपाल अरोरा ने नयी सरकार को बहुमुखी प्रतिभा वाली बताते हुए कहा कि किसानों से लेकर परिवहन व्यवसाय तक लोगों को सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय छत्तीसगढ़ की रीढ़ है, इसके उत्थान के लिए नए सिरे से प्रयास होने चाहिए।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव को भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष बिचपुरिया ने दी बधाई

**भिलाई, 13 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम प्रकाश माथुर, सह प्रभारी मनसुख मंडाविया, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल, प्रभारी नितिन नबीन, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का धन्यवाद किया कि उन्होंने लोकप्रिय आदिवासी नेता विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ के सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं जनता को एक बहुत ही बड़ी सौगात दी है। साथ ही साथ आदिवासी समुदाय को एक बहुत ही बड़ा तोहफा दिया है। ज्ञात हो कि वरिष्ठ लोकप्रिय नेता विष्णुदेव साय पूर्व में दो बार विधायक और चार बार सांसद रहे साथ ही साथ आप प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व तीन बार निभा चुके हैं। साफ सुथरी छवि के धनी केंद्र में स्टील मंत्री के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। बिचपुरिया ने कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है पार्टी ने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री बनाया है। इस शुभ घड़ी में सभी भारतीय जनता पार्टी जिला-भिलाई के संगठन एवं कार्यकर्ताओं की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी गयी साथ ही अपेक्षा की गयी कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पूरी




रफ्तार के साथ आगे बढ़ेगा और यहां पर विकास के नए आयाम कायम करेगा। भाजपा भिलाई के अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ एक अपनी बहुत ही यादगार तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि जब स्टील मिनिस्टर रहते हुए आपके भिलाई प्रवास में भारतीय मजदूर संघ के कार्यक्रम में आपके द्वारा हमारा बीएमएस के सबसे वरिष्ठ कार्यकर्ता 1979 होने के नाते सम्मान किया गया था जो हमारे लिए जीवन भर की स्मृति है।

### विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर कलाकारों ने दी बधाई



**भिलाई, 13 दिसम्बर।** आदिवासी समाज के विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ से ललित कला अकादमी के प्रथम एक्जीक्यूटिव बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ के पांचों जजों द्वारा कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के निर्णय को सही ठहराए जाने पर भी बधाई दी है।

### निगम क्षेत्र में चलाया जा रहा है विशेष सफाई अभियान



**भिलाई, 13 दिसम्बर।** निगम द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र का वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सर्विस रोड, गली, मोहल्ला, मार्केट क्षेत्र का झाड़ू लगाकर तथा नालियों की गहराई से साफ-सफाई किया जा रहा है साथ ही कचरे को भी उठाया जा रहा है। नगर पालिक निगम, भिलाई के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान निगम के सभी जोन में चलाया जा रहा है, सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में सर्विस रोड, गली मोहल्ले व सड़को की सफाई व्यावसायिक क्षेत्र, नाली के किनारे उगे खरपतवार की कटाई कर नाली की गहराई से सफाई किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम वार्ड 30 प्रगति नगर, वार्ड 37 जे.पी.नगर मोची मोहल्ला, वार्ड 33,34,35 वीर शिवाजी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नाली की सफाई कर हैण्ड ट्राली, ई-रिक्शा आटो द्वारा नाली से निकले कचरे को तत्काल उठाया जा रहा है साथ ही डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम कचरा कलेक्शन वाहन से मुनादी भी कर रहे है कि सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग कर देवे। सफाई के दौरान खुले स्थलो पर बेतरतीब बिखरे झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक को भी एकत्र किया जा रहा है और लोगो को समझाईस दिया जा रहा है कि दुकान अथवा घर से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन को एकत्र कर निगम के कचरा गाड़ी को देवे।

### मैत्री बाग में सेल्फी जोन उद्घाटित



**भिलाई, 13 दिसम्बर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित आकर्षण का केन्द्र मैत्री बाग के प्रांगण में आत्मनिर्भर भारत के लिये इस्पात की आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करते हुए जनसामान्य के लिए सेल्फी जोन का निर्माण किया गया है। मंगलवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले, महाप्रबंधक (संपर्क, प्रषासन एवं जनसंपर्क) जेकब कुरियन, महाप्रबंधक विष्णु पाठक और उपमहाप्रबंधक एन के जैन सहित अन्य उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## हम अपने दैवीय गुण भूल गए हैं : संतोष दीदी



**भिलाई, 13 दिसम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा संस्था की अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारीं संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी संतोष दीदी, उज्जैन से राजयोगिनी उषा दीदी, इंदौर जोन एवं छत्तीसगढ़ की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, इंदौर से ब्रह्माकुमारी शकुंतला दीदी, मुंबई से ब्रह्माकुमारी भावना दीदी इन ज्ञान गंगाओं के अलौकिक आगमन से सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम प्रकाशित हुआ। संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी संतोष दीदी ने ब्रह्मा वत्सों को संबोधित करते हुए कहा कि निराकार परमात्मा ब्रह्मा के तन का आधार लेकर अपनी शक्तियों का अनुभव कराता है। बंधु सखा बनाकर अपना वादा निभाता है। आज मानव भाषा के, जाति के, संस्कारों के पिंजरे में फंसा हैं, परमात्मा स्वयं अपना परिचय देकर हमें इन पिंजरों से निकालते हैं। हम चाहते हैं कि हमारा मन एकाग्र हो लेकिन भटकता है, हम चाहते हैं, मधुर बोलें लेकिन मुख से कठोर वचन निकल जाते हैं। यह सब देह के अधीनता के कारण होते हैं। स्मृति से समृद्धि आती है, हमारे जीवन में दैवीय गुणों की विस्मृति हो गई है। जीवन में मैं और मेरापन रूपी दो दरवाजे नहीं होना चाहिए। परचिंतन छोड़ पवित्र श्रेष्ठ ऊंची बातें सुनो, हमारा इंटरेस्ट है तभी लोग फालतू बातें सुनाते हैं। पर चिंतन पतन की जड़ है। जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि, हर्षित खुश प्रसन्न रहने के लिए गुणग्राही हंस बनो। दूसरों के अवगुण, व्यवहार को देखकर दुखी होकर हमारा ब्लड प्रेशर हार्टबीट बढ़ता है इसलिए खुद के ऊपर खुद कृपा दृष्टि करो। दुनिया की सोचते हैं कि यह दुनिया को समाज को अच्छा नहीं लगेगा लेकिन यह तो कभी सोचा नहीं जिसके पास (परमात्मा के पास) जाना है उसे क्या पसंद है।



### छग आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन ने मनाया प्रकाश उत्सव

**भिलाई, 13 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन की तरफ से गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सार्वजनिक लंगर और सुखमणि साहब का पाठ किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन की पूरी टीम ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम ऑर्गेनाइजर छत्तीसगढ़ आर्मी फाउंडेशन की तरफ से रहा जिसमें मेंबर दलबीर कौर ने पूरा प्रोग्राम ऑर्गेनाइज कराया। कार्यक्रम में भाजपा महिला जिला सैनिक अध्यक्ष श्रीमती स्वीटी कौशिक और छत्तीसगढ़ आर्मी फाउंडेशन के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह और बाकी कार्यकर्ता सारे उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि अब से पूरे साल का शेड्यूल तैयार है जिसमें छोटे-छोटे प्रोग्राम्स कराए जाएंगे इस जागरूकता अभियान के माध्यम से बताया जाएगा।



### खुले में चिकन मटन बेचने वालों पर दूसरे दिन भी कार्रवाई

**भिलाई, 13 दिसम्बर।** निगम द्वारा खुले में अवैध रूप से विक्रय कर रहे चिकन मटन के दुकान पर लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी निगम दस्ते ने कार्यवाही कर जुनवानी चौक, 18 नं. सड़क, सुभाष चौक के दुकान के सामने लगे टीन टप्पर को हटवाया गया। नगर पालिक निगम, भिलाई की बेदखली टीम मंगलवार को जुनवानी चौक मे बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे नूर पोल्ट्री को सील बंद किया गया तथा चौक मे अन्य मांस, मटन,मछली जो खुले मे विक्रय किये जा रहे थे उसे हटाया गया ।उसी प्रकार 18 नं. सड़क, सुभाष चौक पर विक्रय कर रहे चिकन मटन दुकानो को बंद करवाकर दुकान के सामने लगे टीन शेड को जे.सी.बी. से हटाया गया। तोड़फोड़ दस्ता की टीम पूर्व में किये गये बेदखली स्थलो का निरीक्षण कर दुबारा सड़क पर व्यापार न करने की मुनादी भी किये।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए पंजीयन शुरू

**धमतरी 13 दिसम्बर ।** पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरां को सहायता के लिए केन्द्रीय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीयन शुरू हो गया है। इसके लिए पारंपरिक शिल्कार एवं कारीगर आधार कार्ड एवं लिंक मोबाईल नंबर तथा बैंक पासबुक के साथ अपने नजदीक के ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में पंजीयन करा सकते हैं।

महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि योजना के तहत 18 प्रकार के चयनित ट्रेड वाले पारंपरिक शिल्कारों और कारीगरों को लाभान्वित किया जायेगा। इनमें बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया चटाई झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार(पुष्प सज्जा), धोबी, दर्जी, मछली जाल बनाने वाले शामिल हैं।

### खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन



**भिलाई, 13 दिसम्बर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार को उप महाप्रबंधक (क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) सहीराम जाखड़ के मुख्य आतिथ्य में, महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर, भिलाई में किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग से सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक तथा प्रभंजय चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले दिन 12 दिसम्बर को कर्नाटक शास्त्रीय गायन एवं सुगम गायन की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के लिए जयमोहन, श्रीमती स्मिता नायर तथा आर राजेश ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संध्याकाल के इस नृत्य प्रतियोगिता के लिए निर्णायक के रूप में श्रीमती रानी रीना, सुश्री इप्शिता दास एवं सुश्री अन्नपूर्णा स्वामीनाथन उपस्थित थे।

## नगरीय निकायों के गौठानों में रखे गये हैं 3650 मवेशी

**दुर्ग, 13 दिसम्बर ।** जिले के नगरीय निकायों के सड़कों पर आवारा घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड़ निकायों द्वारा की जा रही है। मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकायों की गौठानों में मवेशियों को रखने के लिए समुचित प्रबंध की गई है। अब तक जिले के नगरीय निकायों के गौठानों में 3650 मवेशी रखे गये हैं। कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज अधिकारियों की समय-सीमा बैठक में नगरीय निकायवार गौठानों में रखे गये मवेशियों की जानकारी ली। नगरीय निकायों के अधिकारियों ने बताया कि नगर पंचायत उतई में 229, धमधा में 165, पाटन में 285, नगर पालिका अहिवारा में 321, कुम्हारी में 342, जामुल में 48, अमलेश्वर में 327 तथा नगर निगम भिलाई में 738, भिलाई-चरोदा में 235, रिसाली में 254 एवं नगर निगम दुर्ग में 685 मवेशी गौठानों में रखे गये हैं। कलेक्टर श्री मीणा ने संबंधित अधिकारियों को आगामी 17 दिसम्बर तक इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने समीक्षा के दौरान पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों को बीएसपी सहित सभी इण्डस्ट्रियल एरिया में प्रदूषण जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। इसी प्रकार सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी को संबंधित क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था का निरीक्षण करने निर्देशित किया है। बैठक में विभागवार समय-सीमा, जनशिकायत, कलेक्टर जनचौपाल के लंबित प्रकरणों और सारथी एप में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में भी चर्चा की गई।



# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-254 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.




E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112





## संपादकीय

# आदिवासी सीएम यूं ही नहीं बनाया गया

राजनीति में जो समझदार नेता होता है वह कुछ भी अल्पअवधि के लिए नहीं सोचता है, वह दीर्घावधि के लिए सोचता है ताकि उसका राजनीतिक लाभ दल तो लंबे समय तक मिले। वह कोई भी फैसला करते हैं तो उसका अल्पअवधि में महत्व समझ न आए लेकिन दीर्घावधि में जब उसका फायदो होता है तब जाकर लोगों को समझ में आता है कि यह फैसला इसलिए किया गया था।छत्तीसगढ़ व मप्र में विष्णुदेव साय व मोहन यादव को सीएम बनाया गया है तो यूं ही नहीं बनाया गया है। उसके पीछे सोट है, कई लोगों के लिए अलग अलग मैसेज है। उसका दूरगामी राजनीतिक महत्व है, सामाजिक महत्व है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को सीएम बनाकर आदिवासी वर्ग का सम्मान किया गया है क्योंकि जीत के पीछ आदिवासी वर्ग की बड़ी भूमिका है। राज्य में माना भी यही जाता है कि आदिवासी व ओबीसी जिसके साथ होते हैं वही चुनाव जीतता है। पिछली बार आदिवासी वर्ग कांग्रेस के साथ था इसलिए सरगुजा व बस्तर में कांग्रेस को ज्यादा सीटें मिली थी। वह आदिवासी वर्ग को खुश नहीं रख सकी। इसका खामियाजा उसे चुनाव में भुगतना पड़ा है। भाजपा ने इससे सबक लेकर छत्तीसगढ़ में आदिवासी सीएम बनाकर आदिवासियों को संदेश दिया है कि आपका सम्मान भाजपा करती है। मौका तो कांग्रेस को भी मिला था लेकिन उसने आदिवासी नेता की जगह भूपेश बघेल को सीएम बनाना उचित समझा। भूपेश बघेल ने आदिवासियों को लिए बहुत कुछ किया लेकिन बहुत कर नहीं सके। धर्मांतरण बड़ा मुद्दा था उसे समझ नहीं सके और उसका खामियादा उन्हें चुनाव में भुगतना पड़ा। कांग्रेस समझ नहीं सकी कि आदिवासी सुविधा नहीं चाहते हैं, सम्मान भी चाहते है, भाजपा ने इसे समझा है और आदिवासी सीएम बनाकर उनकी बहुत पुरानी मांग पूरी की है। इससे आदिवासी समाज निश्चिक रूप से खुश होगा कि चला देर से ही सही किसी दल ने सम्मान तो किया। इसका फायदा भाजपा को लोकसभा चुनाव में होगा। क्योंकि इससे राज्य में आदिवासी नेता की स्थिति मजबूत होगी। वह मजबूत बना रहेगा तो आदिवासियों के हित में ज्यादा काम कर सकेगा। विष्णुदेव साय व मोहन यादव का सीएम बनाकर भाजपा नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि काम करने वाले कार्यकर्ताओं को भाजपा में सीएम से लेकर पीएम बनने तक का मौका मिलता है। इससे कार्यकर्ता में संदेश जाता है कि वाकई भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं को इतना महत्व दिया जाता है। इससे वह हर चुनाव में समर्पित भाव से काम करते है और इसका परिणाम ज्यादातर राज्यों में जीत के रूप में सामने आता है। इसी के साथ पीएम मोदी ने पार्टी के बड़े नेताओं को विधानसभा चुनाव लड़ाकर चुनाव जीतने का नया तरीका इजाद किया है। जब पीएम मोदी ने सांसदों को चुनाव में उतारा तो उनका उपहास किया गया कि मोदी डर गए है, मोदी हार रहे हैं, इसलिए सांसदों को चुनाव लड़ा रहे हैं। पीएम मोदी ने विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सांसदों का उपयोग किया और उनका यह प्रयोग सफल रहा है। ज्यादातर सांसद जीते हैं। इससे विधानसभा चुनाव में भाजपा को ज्यादा बड़ी सफलता मिली है। ऐसा करके मोदी ने सांसदों को भी यह संदेश दिया है कि वह कोई अहंकार न पाले कि वह सांसद है तो बड़े नेता है, पीएम मोदी खुद को कार्यकर्ता कहते हैं और उम्मीद करते हैं कि हर बड़ा नेता खुद को कार्यकर्ता समझें। पार्टी जो काम उन्हें कनरे को कह रही है वह काम करे। पीएम मोदी ही ऐसे नेता हैं जो कार्यकर्ता को नेता बनाते हैं औक नेता को कार्यकर्ता भी बनाते हैंम। वह चाहते हैं कि वह जिस तरह एक कार्यकर्ता की तरह 14 घंटे काम करते हैं, उनके सभी नेता व कार्यकर्ता भी कम से कम 12 घंटे काम करें। क्योंकि काम ही जीत का आधार है।

# सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 पर अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है : नरेन्द्र मोदी



केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है, ऐसी योजनाओं में समाज के सभी वर्गों को शामिल किया गया है। इनमें सौभाग्य और उज्ज्वला योजनाएं शामिल हैं। आवास, नल से जल कनेक्शन और वित्तीय समावेशन में प्रगति हुई है। लोगों के लिए बड़ी चुनौती रही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है। सभी गांवों ने खुले में शौच से मुक्त-ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। सरकारी रिक्तियां, जो कभी भ्रष्टाचार और पक्षपात का शिकार होती थीं, पारदर्शी और सही प्रक्रिया के तहत भरी गई हैं। आईएमआर जैसे अन्य संकेतकों में सुधार दिखा है। बुनियादी ढांचे और पर्यटन में बढ़ावा सभी देख सकते हैं।

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने पर 11 दिसंबर को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है, जिसे प्रत्येक भारतीय द्वारा सदैव संजोया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना पूरी तरह से उचित है कि 5 अगस्त 2019 को हुआ निर्णय संवैधानिक एकीकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया था, न कि इसका उद्देश्य विघटन था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस तथ्य को भी भलीभांति माना है कि अनुच्छेद 370 का स्वरूप स्थायी नहीं था। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की खूबसूरत और शांत वादियां, बर्फ से ढके पहाड़, पीढ़ियों से कवियों, कलाकारों और हर भारतीय के दिल को मंत्रमुग्ध करते रहे हैं। यह एक ऐसा अद्भुत क्षेत्र है जो हर दृष्टि से अभूतपूर्व है, जहां हिमालय आकाश को स्पर्श करता हुआ नजर आता है, और जहां इसकी झीलों एवं नदियों का निर्मल जल स्वर्ग का दर्पण प्रतीत होता है। लेकिन पिछले कई दशकों से जम्मू-कश्मीर के अनेक स्थानो पर ऐसी हिंसा और अस्थिरता देखी गई, जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। वहां के हालात कुछ ऐसे थे, जिससे जम्मू-कश्मीर के परिश्रमी, प्रकृति प्रेमी और स्नेह से भरे लोगों को कभी भी रू-ब-रू नहीं होना चाहिए था।

लेकिन दुर्भाग्यवश, सदियों तक उपनिवेश बने रहने, विशेषकर आर्थिक और मानसिक रूप से पराधीन रहने के कारण, तब का समाज एक प्रकार से भ्रमित हो गया। अत्यंत बुनियादी विषयों पर स्पष्ट नजरिया अपनाने के बजाय दुविधा की स्थिति बनी रही जिससे और ज्यादा भ्रम उत्पन्न हुआ। अफसोस की बात यह है कि जम्मू-कश्मीर को इस तरह की मानसिकता से व्यापक नुकसान हुआ। देश की आजादी के समय तब के राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरूआत करने का विकल्प था। लेकिन तब इसके बजाय उसी भ्रमित समाज का दृष्टिकोण जारी रखने का निर्णय लिया गया, भले ही इस वजह से दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करनी पड़ी।

मुझे अपने जीवन के शुरूआती दौर से ही जम्मू-कश्मीर आंदोलन से जुड़े रहने का अवसर मिला है। मेरी अवधारणा सदैव ही ऐसी रही है जिसके अनुसार जम्मू-कश्मीर महज एक राजनीतिक मुद्दा नहीं था, बल्कि यह विषय समाज की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नेहरू मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण विभाग मिला हुआ था और वे काफी लंबे समय तक सरकार में बने रह सकते थे। फिर भी, उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर मंत्रिमंडल छोड़ दिया और आगे का कठिन रास्ता चुना, भले ही इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। लेकिन उनके अथक प्रयासों और बलिदान से करोड़ों भारतीय कश्मीर मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़ गए।

कई वर्षों बाद अटल जी ने श्रीनगर में एक सार्वजनिक बैठक में इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत‍ का प्रभावशाली संदेश दिया, जो सदैव ही प्रेरणा का महान स्त्रोत भी रहा है। मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि जम्मू-कश्मीर में जो कुछ हुआ था, वह हमारे राष्ट्र और वहां के लोगों के साथ एक बड़ा विश्वासघात था। मेरी यह भी प्रबल इच्छा थी कि मैं इस कलंक को, लोगों पर हुए इस अन्याय को मिटाने के लिए जो कुछ भी कर सकता हूँ, उसे जरूर करूँ। मैं हमेशा से जम्मू-कश्मीर के लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए काम करना चाहता था। सरल शब्दों में कहें तो, अनुच्छेद 370 और 35 (ए) जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के सामने बड़ी बाधाओं की तरह थे। ये अनुच्छेद एक अटूट दीवार की तरह थे तथा गरीब,वंचित, दलितों-पिछड़ों-महिलाओं के लिए पीड़ादायक थे। अनुच्छेद 370 और 35(ए) के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को वह अधिकार और विकास कभी नहीं मिल पाया, जो उनके साथी देशवासियों को मिला। इन अनुच्छेदों के कारण, एक ही राष्ट्र के लोगों के बीच दूरियां पैदा हो गईं। इस दूरी के कारण, हमारे देश के कई लोग, जो जम्मू-कश्मीर की समस्याओं को हल करने के लिए काम करना चाहते थे, ऐसा करने में असमर्थ थे, भले ही उन लोगों ने वहां के लोगों के दर्द को स्पष्ट रूप से महसूस किया हो। एक कार्यकर्ता के रूप में, जिसने पिछले कई दशकों से इस मुद्दे को करीब से देखा हो, वो इस मुझे मुद्दे की बारीकियों और जटिलताओं से भली-भांति परिचित था। मैं एक बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट था- जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं तथा वे अपनी ताकत और कौशल के आधार पर भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। वे अपने बच्चों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता चाहते हैं, एक ऐसा जीवन जो हिंसा और अनिश्चितता से मुक्त हो। इस प्रकार, जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करते समय, हमने तीन बातों को प्रमुखता दी-नागरिकों की चिंताओं को समझना, सरकार के कार्यों के माध्यम से आपसी-विश्वास का निर्माण करना तथा विकास, निरंतर विकास को प्राथमिकता देना। मुझे याद है, 2014 में, हमारे सत्ता संभालने के तुरंत बाद, जम्मू-कश्मीर में विनाशकारी बाढ़ आई थी, जिससे कश्मीर घाटी में बहुत नुकसान हुआ था। सितंबर 2014 में, मैं स्थिति का आकलन करने के लिए श्रीनगर गया और पुनर्वास के लिए विशेष सहायता के रूप में 1000 करोड़ रुपये की घोषणा भी की। इससे लोगों में ये संदेश भी गया कि संकट के दौरान हमारी सरकार वहां के लोगों की मदद के लिए कितनी संवेदनशील है। मुझे जम्मू-कश्मीर में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिलने का अवसर मिला है और इन संवादों में एक बात समान समान रूप से उभरती है - लोग न केवल विकास चाहते हैं, बल्कि वे दशकों से व्याप्त भ्रष्टाचार से भी मुक्ति चाहते हैं। उस साल मैंने जम्मू-कश्मीर में जान गंवाने वाले लोगों की याद में दीपावली नहीं मनाने का फैसला किया। मैंने दीपावली के दिन जम्मू-कश्मीर में मौजूद रहने का भी फैसला किया। जम्मू एवं कश्मीर की विकास यात्रा को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमने यह तय किया कि हमारी सरकार के मंत्री बार-बार वहां जायेंगे और वहां के लोगों से सीधे संवाद करेंगे। इन लगातार दौरों ने भी जम्मू एवं कश्मीर में सद्भावना कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मई 2014 से मार्च 2019 के दौरान 150 से अधिक मंत्रिस्तरीय दौरे हुए। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। वर्ष 2015 का विशेष पैकेज जम्मू एवं कश्मीर की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प उद्योग को सहायता प्रदान करने से जुड़ी पहल शामिल थीं। हमने खेलशक्ति में युवाओं के सपनों को साकार करने की क्षमता को पहचानते हुए जम्मू एवं कश्मीर में इसका भरपूर सदुपयोग किया। विभिन्न खेलों के माध्यम से, हमने वहां के युवाओं की आकांक्षाओं और उनके भविष्य पर खेलों से जुड़ी गतिविधियों के परिवर्तनकारी प्रभाव को देखा। इस दौरान विभिन्न खेल स्थलों का आधुनिकीकरण किया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और प्रशिक्षक उपलब्ध कराए गए। स्थानीय स्तर पर फुटबॉल क्लबों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाना इन सबमें एक सबसे अनूठी बात रही। इसके परिणाम शानदार निकले। मुझे प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी अफशां आशिक का नाम याद आ रहा है। वो दिसंबर 2014 में श्रीनगर में पथराव करने वाले एक समूह का हिस्सा थी, लेकिन सही प्रोत्साहन मिलने पर उसने फुटबॉल की ओर रुख किया, उसे प्रशिक्षण के लिए भेजा गया और उसने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुझे फिट इंडिया डायलॉग्स के एक कार्यक्रम के दौरान उसके साथ हुई बातचीत याद है, जिसमें मैंने कहा था कि अब बेंड इट लाइक बेकहम से आगे बढ़ने का समय है क्योंकि अब यह ऐस इट लाइक अफशां है। मुझे खुशी है कि अब तो अन्य युवाओं ने किकबॉक्सिंग, कराटे और अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा दिखानी शुरू कर दी है। पंचायत चुनाव भी इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। एक बार फिर, हमारे सामने या तो सत्ता में बने रहने या अपने सिद्धांतों पर अटल रहने का विकल्प था। हमारे लिए यह विकल्प कभी भी कठिन नहीं था और हमने सरकार को गंवाने के विकल्प को चुनकर उन आदर्शों को प्राथमिकता दी जिनके पक्ष में हम खड़े हैं। जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की आकांक्षाएं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पंचायत चुनावों की सफलता ने जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की लोकतांत्रिक प्रकृति को इंगित किया। मुझे गांवों के प्रधानों के साथ हुई एक बातचीत याद आती है। अन्य मुद्दों के अलावा, मैंने उनसे एक अनुरोध किया कि किसी भी स्थिति में स्कूलों को नहीं जलाया जाना चाहिए और स्कूलों की सुरक्षा की जानी चाहिए। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि इसका पालन किया गया। आखिरकार, अगर स्कूल जलाए जाते हैं तो सबसे ज्यादा नुकसान छोटे बच्चों का होता है। 5 अगस्त का ऐतिहासिक दिन हर भारतीय के दिल और दिमाग में बसा हुआ है। हमारी संसद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का ऐतिहासिक निर्णय पारित किया और तब से जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में बहुत कुछ बदलाव आया है। न्यायिक अदालत का फैसला दिसंबर 2023 में आया है, लेकिन जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में विकास की गति को देखते हुए जनता की अदालत ने चार साल पहले अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने के संसद के फैसले का जोरदार समर्थन किया है। राजनीतिक स्तर पर, पिछले 4 वर्षों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र में फिर से भरोसा जताने के रूप में देखा जाना चहिये। महिलाओं, आदिवासियों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और समाज के वंचित वर्गों को उनका हक नहीं मिल रहा था। वहीं, लद्दाख की आकांक्षाओं को भी पूरी तरह से नजरअंदाज किया जाता था। लेकिन, 5 अगस्त 2019 ने सब कुछ बदल दिया। सभी केंद्रीय कानून अब बिना किसी डर या पक्षपात के लागू होते हैं, प्रतिनिधित्व भी पहले से अधिक व्यापक हो गया है। त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली लागू हो गई है, बीडीसी चुनाव हुए हैं, और शरणार्थी समुदाय, जिन्हें लगभग भुला दिया गया था, उन्हें भी विकास का लाभ मिलना शुरू हो गया है।

केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है, ऐसी योजनाओं में समाज के सभी वर्गों को शामिल किया गया है। इनमें सौभाग्य और उज्ज्वला योजनाएं शामिल हैं। आवास, नल से जल कनेक्शन और वित्तीय समावेशन में प्रगति हुई है। लोगों के लिए बड़ी चुनौती रही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है। सभी गांवों ने खुले में शौच से मुक्त-ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। सरकारी रिक्तियां, जो कभी भ्रष्टाचार और पक्षपात का शिकार होती थीं, पारदर्शी और सही प्रक्रिया के तहत भरी गई हैं। आईएमआर जैसे अन्य संकेतकों में सुधार दिखा है। बुनियादी ढांचे और पर्यटन में बढ़ावा सभी देख सकते हैं। इसका श्रेय स्वाभाविक रूप से जम्मू-कश्मीर के लोगों की दृढ़ता को जाता है, जिन्होंने बार-बार दिखाया है कि वे केवल विकास चाहते हैं और इस सकारात्मक बदलाव के वाहक बनने के इच्छुक हैं। इससे पहले जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की स्थिति पर सवालिया निशान लगा हुआ था। अब, रिकॉर्ड वृद्धि, रिकॉर्ड विकास, पर्यटकों के रिकॉर्ड आगमन के बारे में सुनकर लोगों को सुखद आश्चर्य होता है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर के अपने फैसले में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत किया है। इसने हमें याद दिलाया कि एकता और सुशासन के लिए साझा प्रतिबद्धता ही हमारी पहचान है। आज जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे को साफ-सुथरा माहौल मिलता है, जिसमें वह जीवंत आकांक्षाओं से भरे अपने भविष्य को साकार कर सकता है। आज लोगों के सपने बीते समय के मोहताज नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाएं हैं। जम्मू और, कश्मीर में मोहभंग, निराशा और हताशा की जगह अब विकास, लोकतंत्र और गरिमा ने ले ली है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनिरिंग के छात्रों को आगे बढ? के नये मौके मिलेंगे। आज कोई महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल को पूरा करने में छात्र व्यस्त रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

**वृष राशि :** आज आपका दिन महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में बीतेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढ़ेगा। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सारे कामों में सफलता जरूर मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। धार्मिक कार्यों में आज आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका भी मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। विद्यार्थी अपने रुके प्रोजेक्ट को पूरा कर सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आज आप फिट रहेंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बढि?ा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे। अगर आज नये बिजनेस की शुरूआत करना चाहते है तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों का पद बढ़ेगा। आपके वेतन में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आपकी पहले से चल रही कोई श्वरूढ्ढ आज पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी। आज संतान पक्ष से कोई अच्छी खबर मिलेगी। आपके शत्रु परास्त्र होंगे। आज किसी कार्य में आपके विरोधी आपकी सलाह मागेंगे। आज समाज में आपको अपनी कायर्शीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी, रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगे। किसी से लिया कर्ज आज आप वापस करेंगे। आज आपकी परेशानियां कम होंगी, जिससे आप रिलैक्स महसूस करेंगे। लवमेट आज डिनर पर जाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। अगर कहीं निवेश करना चाह रहें है तो कर सकते हैं।

**तुला राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आज किसी कार्य में आपके प्रयत्न सफल रहेंगे, मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के जो अविवाहित हैं उनके विवाह के लिए अच्छे रिश्ते आयेंगे। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज वाहन लेने का अवसर आपको मिल सकता है। डिजाइनर्स को आज कोई बड़ा लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आप नई बाइक लेने का विचार अपने सहयोगियों के साथ करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज कहीं घूमने जाएंगे।

**वृश्चिक राशिः**आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी आमदनी की अपेक्षा आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी। आज किसी नए कार्य में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज वाहन चलाते समय आप फोन का इस्तेमाल न करें। विद्यार्थी आज अपनी पढाई पर ध्यान देंगे। आज बिजनेस में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। आज जरूरत से ज्यादा किसी की बात का जवाब देने से बचे। आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है, जो भविष्य में आपके व्यापार के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। पहले से चली आ रही पारिवारिक अनबन आज समाप्त होगी। आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कोई नया वाहन लेने का विचार आज आप अपने परिवार के साथ करेंगे। स्टेशनरी का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का बड़े अधिकारियों से संपर्क बढ़ेगा। घर के बुजुर्गों को समय से दवाई दें। आज आपको माता-पिता से स्नेह मिलेगा। आज आप घर में छोटी सी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं।

**मकर राशिः**आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। आप अपने किसी क्लाइंट से वीडियो कॉल करके मीटिंग करेंगे। इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है। आज आपका कोई रिश्तेदार आपके लिए उपहार लेकर आयेगा। आज संतान पक्ष से आपको सुखद समाचार मिल सकता है। परिवार में उत्साह भरा माहौल रहेगा। विद्यार्थियों का मन आज पढ़ाई में ज्यादा लगेगा।

**कुंभ राशिः**आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी खास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। इस राशि के जो लोग अपने करियर की नई शुरुआत करने की सोच रहे हैं। आज उनके लिए दिन शुभ है। आज पूरा दिन आप ऊर्जा से भरे रहेंगे, आय के नए स्त्रोत भी आपको मिलेंगे। आपके बच्चे किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे आपको उन पर गर्व होगा। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर के बड़ों से आगे बढ़ने की राय मिलेगी, जो आगे चलकर आपके काम आएगी। किसी राइटर की बुक आज पब्लिश होगी , जिसके लिए उसको अवार्ड मिलेगा। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा, साथ ही कुछ और शुरू करने का मन बनाएंगे। सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत लोगों को जल्द बेहतर समाचार मिलेगा। लवमेट आज फोन पर देर तक बात करेंगे। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

राजनीति

ललित गर्ग

# विष्णुदेव साय के बहाने आदिवासी राजनीति साधी



विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री घोषित करके भारतीय जनता पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जीवंत आदिवासी समाज को उन्नति के नये शिखर एवं राजनीति में समुचित प्रतिनिधि देने के लिये प्रतिबद्ध है। द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाकर उन्होंने इस समुदाय की आशाओं पर खरे उतरने की कोशिश की है। निश्चित ही विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से आदिवासी समुदाय में खुशी जगी है, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्य झारखंड और ओडिशा में भी भाजपा को लाभ मिलेगा, वही मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान के आदिवासी समुदाय के लोगों भी प्रभावित किया जा सकेगा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विष्णुदेव साय का निर्णय नया राजनीतिक धरातल तैयार करेगा एवं नयी राजनीतिक दिशाओं को उद्घाटित करेगा।

जमीन से जुड़े, विनम्र, ईमानदार एवं सादगीप्रिय विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की दूरगामी सोच एवं राजनीतिक परिपक्वता से जुड़ी साहसिक एवं करिश्माई राजनीति की निष्पत्ति है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में विष्णुदेव साय इसलिए बड़ा नाम है, क्योंकि अब तक चार बार के सांसद, तीन बार के विधायक और छत्तीसगढ़ में भाजपा के अध्यक्ष की कमान एवं केंद्र सरकार में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। 26 साल की उम्र में ही पहली बार विधायक बनने वाले विष्णुदेव के दिवंगत दादा बुधनाथ साय 1947 से 1952 तक विधायक रह चुके हैं। उनके दिवंगत ताऊ नरहरि प्रसाद साय भी दो बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। विष्णुदेव साय ने ताजा चुनाव कुनकुरी विधानसभा सीट से लड़ा था, जिसमें उन्होंने 25 हजार 541 वोट से जीत दर्ज की। कम बोलने और बेहद विनम्र माने जाने वाले विष्णुदेव साय को, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का बेहद करीबी माना जाता है। निश्चित ही उनकी मुख्यमंत्री की पारी ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण बनेगी। 21 फरवरी 1964 को एक आदिवासी परिवार में जन्में विष्णुदेव साय ने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी के लोयला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है।

अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे‍ अमित शाह ने बड़ा आदमी बनाने का अपना वायदा इतना जल्दी पूरा कर दिया है। वैसे भी 32 फीसद आदिवासी जनसंख्या वाले छत्तीसगढ़ की विधानसभा में आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 29 सीटों में से 17 पर भाजपा के कब्जे के बाद माना जा रहा था कि किसी आदिवासी विधायक को भाजपा मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री बना सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के बाद से ही भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया है। भ्रष्टाचार में लिप्त विपक्षी पार्टी के नेताओं के घरों पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की रेड हो रही है। झारखंड के कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर इनकम टैक्स की रेड और 500 करोड़ रुपए की बरामदी हुई है। इसलिये भाजपा ईमानदार नेताओं को आगे लाना चाहती है, विष्णुदेव साय जमीन से जुड़े हैं, आदिवासी हैं और लंबे समय से राजनीतिक जीवन में रहने के बावजूद भ्रष्टाचार के आरोपों से दूर हैं। ऐसे में वे भाजपा के इस कैटेगरी में एकदम फिट बैठे और मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार भी।



ईमानदारी के साथ विनम्रता भी उनकी बड़ी विशेषता है। एक दिन पहले उन्होंने कहा-विनम्रता को कमजोरी नहीं मानना चाहिए। मैं तो इसे अपनी ताकत मानता हूं और मेरी कोशिश रहेगी कि आजीवन विनम्र बना रहूं।

राजनीतिक स्वार्थ के चलते आजादी के बाद से जंगलों और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को हमेशा से दबाया और कुचला जाता रहा है जिससे उनकी जिन्दगी अभावग्रस्त ही रही है। कांग्रेस ने आदिवासी के नाम पर सत्ता तो अनेक बार हासिल की, लेकिन उनके कल्याण के लिये कोई ठोस काम नहीं किये। जबकि आदिवासी समुदाय को कांग्रेस विचारधारा का ही माना जाता रहा है, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने अपनी सूझबूझ एवं विवेक से आदिवासी लोगों का दिल जीता है। वर्ष 2007 में मुख्यमंत्री रहते नरेन्द्र मोदी गुजरात के आदिवासी इलाके कवांट में जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में एक समारोह में 15 हजार करोड़ की वनबंधु योजना की शुरूआत की। इनदिनों इन्हीं जैन मुनि की चर्चा चुनाव सभाओं में एवं गुजरात की एक सभा में प्रधानमंत्री ने की। उनके मन में आदिवासी कल्याण की भावना है। राजनीति जोड़तोड की दृष्टि से देखा जाये तो कांग्रेस जहां मुस्लिम वोटों का ध्रूवीकरण एवं तुष्टिकरण कर रही है तो भाजपा के लिये आदिवासी समुदाय ही रोशनी बनते हुए दिख रहे हैं। निश्चित ही आगामी लोकसभा चुनाव में इन आदिवासी वोटों की महत्वपूर्ण भूमिका बनने वाली है। जब भाजपा हिन्दू राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है, ऐसे में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आदिवासियों में एक बड़ी समस्या धर्मपरिवर्तन की है। प्रलोभनों एवं साम्प्रदायिक ताकतों के कारण कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर हो रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। ईसाई मिश्नरियों ने भारत के आदिवासी क्षेत्र छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। करीब 400 पीढ़ियों पूर्व सभी भारतीय वन में ही रहते थे और वे आदिवासी थे परंतु विकासक्रम के चलते पहले ग्राम बने फिर कस्बे और अंत में नगर, महानगर। यही से विभाजन होना प्रारंभ हुआ। जो वन में रह गए वे वनावासी, जो गांव में रह गए वे ग्रामवासी और जो नगर में चले गए वे नगरवासी कहलाने लगे। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है। इसी बड़ी आबादी को प्रभावित करने के लिये द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना एवं विष्णुदेव को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा की परिपक्व राजनीति को दशार्ता है। विष्णुदेव साय का निर्णय राज्य में आदिवासी वोटर्स को ध्यान में रखते हुए सामने आया है। इससे पहले भी आदिवासी वोटर को साधने के लिए भाजपा ने कई सकारात्मक घोषणाएं की है। ऐसे में कहा जा सकता है कि भाजपा एक सोची-समझी रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है। स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अनेक महा- आदिवासी हुए हैं जिन्होंने भारत की मिट्टी एवं उसके स्वतंत्र अस्तित्व-आजादी के लिए अपना बलिदान एवं महान योगदान दिया। ऐसे महान वीर आदिवासियों से भारत का इतिहास समृद्ध है, जिनमें अप्पा साहब, तात्या टोपे, डा. बी.आर. अम्बेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गंडाधुरा, शहीद रानी दुगार्वाती, शहीद बीरसा मुंडा, शहीद सिद्धों, कानु, शहीद तिलका मांझी, शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा जैसे महान आदिवासियों ने अपना बलिदान देकर समाज एवं देश के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिर क्या कारण है कि इस जीवंत एवं मुख्य समाज को देश की मूल धारा से काटने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे हैं। आजादी के बाद बनी सभी सरकारों ने इस समाज की उपेक्षा की है। यही कारण है कि यह समाज अनेक समस्याओं से घिरा है। भाजपा आदिवासी समाज के अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने के प्रयासों को नियंत्रित करने एवं सक्रिय होकर आदिवासी कल्याण की योजनाओं को लागू करने में जुटी है। निश्चित तौर पर लोकसभा चुनाव में आदिवासी वोट काफी अहम होगा। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में फिर आदिवासी कार्ड खेला है। विष्णुदेव साय प्रभावी आदिवासी नेता हैं और आदिवासी समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ है। भाजपा रणनीति के तहत आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग को साधने की कोशिश शुरू कर दी है जिसके चमत्कारी परिणाम आयेंगे।

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023

# श्रीराम के ननिहाल में विष्णु देव सरकार

## ■ राज्यपाल ने मुख्यमंत्री पद की दिलाई शपथ ■ अरुण साव व विजय शर्मा बने उपमुख्यमंत्री




रायपुर 13 दिसंबर । छत्तीसगढ़ की राजनीतिक फिज़ा बदल गई है।आज भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम में नये मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय ने शपथ ले ली है। उन्हें तथा उपमुख्यमंत्री के रूप में अरुण साव व विजय शर्मा को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस दौरान मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे। शपथ ग्रहण स्थल साइंस कालेज मैदान में आज उत्सव का माहौल देखा गया। सर्वत्र मोदी-मोदी के नारे लग रहे थे। पूरे प्रदेश से लोग शपथ ग्रहण समारोह देखने पहुंचे थे। इस समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शामिल हुए। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत,असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा,उत्तरखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी,छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह,प्रभारी ओम माथुर सहित बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम,अजय चंद्राकर व विधायक समारोह के साक्षी बने।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित कई मुख्यमंत्री बने साक्षी, भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव पहुंचे**







पहले भजन-पूजन फिर शपथ ग्रहण



जगन्नाथ मंदिर में आरती



परिजनों के साथ अपने घर में की पूजा



मां का लिया आशीर्वाद



अटलजी को किया नमन



मोदीमय हुआ शपथ ग्रहण स्थल

# लोकसभा की सुरक्षा में बड़ी चूक

## दर्शक दीर्घा से नीचे कूदे दो लड़के,जलाई स्मोक कैंडल,सदन में धुआं-धुआं

नई दिल्ली 13 दिसंबर। संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है. दो युवक लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सदन में घुस गए. ये दोनों शख्स दर्शक दीर्घा से कूदे थे. इन्हें सांसदों ने पकड़ लिया और सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया. लोकसभा की कार्यवाही को 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया. बताया जा रहा है कि जो दो लोग कार्यवाही के दौरान घुसे, उनमें एक का नाम सागर है. दोनों सांसद के नाम पर लोकसभा विजिटर पास पर आए थे. सांसद दानिश अली ने बताया कि दोनों लोग मैसूर सांसद प्रताप सिम्हा के नाम पर लोकसभा विजिटर पास से आए थे. कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, दो युवक दर्शक गैलरी से कूदे और उनके द्वारा कुछ फेंका गया, जिससे गैस निकल रही थी. उन्हें सांसदों ने पकड़ लिया, सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर निकाला. सदन दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया. यह निश्चित रूप से एक सुरक्षा उल्लंघन है क्योंकि आज हम उन लोगों की पुण्य तिथि मना रहे हैं, जिन्होंने 2001 में अपने प्राणों की आहुति दी थी.



### घटना की गहन जांच जारी, घबराने की जरूरत नहीं: बिरला

लोकसभा में सुरक्षा में चूक को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि शून्यकाल के दौरान हुई घटना की गहन जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस को भी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह सिर्फ धुआं था और धुएं से घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने सदन को बताया कि इन दोनों को पकड़ लिया गया है और इनके पास मौजूद सामान भी जब्त कर लिया गया है। संसद के बाहर मौजूद दो लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



फिलहाल लोकसभा की कार्यवाही फिर से शुरू हो गई है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आज ही हमने संसद हमले के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अपने वीरों को पुष्पांजलि अर्पित की और आज ही यहां सदन के अंदर हमला हुआ। क्या यह साबित करता है कि हम उच्च स्तर की सुरक्षा बनाए रखने में विफल रहे?...सभी सांसदों ने निडर होकर दो लोगों को पकड़ लिया लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि जब यह सब हुआ तो सुरक्षा अधिकारी कहां थे?

## लोधीपारा बाजार में आग

रायपुर,13 दिसंबर। राजधानी के लोधी पारा स्थित बाजार के कई दुकानों में लगी भीषण आग लगी है. आग लगने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है. आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दे दी गई है. इस घटना में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है. ये घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक लोधी पारा स्थित बाजार समृद्धि में स्थित सब्जी दुकान में अचानक आग लग गई. धीरे-धीरे आग की लपटे बढ़ने लगी और अन्य दुकानों तक फैल गई. दुकानों में रखा समान ब्लास्ट होने लगा. वहीं मौके पर पहुंचे लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की. जिसमें सफलता नहीं मिलने के बाद फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी गई. जिसके बाद दमकल की पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया.

## जब तक कांग्रेस की सरकार थी, तब तक ही था सट्टेबाजों को संरक्षण: रमन सिंह

रायपुर,13 दिसंबर। महादेव एप के संचालक सौरभ चंद्राकर के राइट हैंड रवि उप्पल की दुबई से गिरफ्तारी पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि सट्टेबाजों का संरक्षण तब तक ही था जब तक कांग्रेस की सरकार थी, कांग्रेसी कुशासन के अंत के साथ ही अब अपराधियों के अंत की दिशा में छत्तीसगढ़ बढ़ चला है. डॉ. रमन सिंह ने सोशल मीडिया पर किए अपने पोस्ट में कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने महादेव सट्टा एप का पौधा रोपा और ईडी की कार्रवाई के बीच छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार संरक्षण की दीवार बनकर खड़ी रही. उस कांग्रेसी कुशासन की दीवार गिरते ही, छत्तीसगढ़ में भाजपा की नई सरकार के शपथ ग्रहण से पहले ही महादेव सट्टा एप में हो रही गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण है कि भाजपा के सुशासन में किसी भी तरह के अवैध कार्य करने वाला कोई नहीं बच पाएगा. अपराधी चाहे भिलाई में हो या सात समंदर पार दुबई में, जिसनें भी छत्तीसगढ़ को लूटा है उसे हथकड़ी में जकड़ कर कानून के सामने पेश होना होगा.



## मोदी गारंटी को पूरा करेगी नए मुख्यमंत्री की टीम: सावंत

रायपुर,13 दिसंबर। पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है. छत्तीसगढ़ के कार्यकताओं का बहुत-बहुत अभिनंदन और आभार व्यक्त करता हूं. निश्चित रूप से राज्य के नए मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम मोदी गारंटी को पूरा करेगी, यह मैं दावे के साथ कह सकता हूं. वहीं, भाजपा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के लिए आज बड़ा दिन है.



## महादेव बेटिंग ऐप मामले में रवि उप्पल दुबई में गिरफ्तार

नई दिल्ली,13 दिसंबर। महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने बड़ी कार्रवाई की है. महादेव बेटिंग ऐप के दो मुख्य आरोपियों में एक रवि उप्पल को दुबई में गिरफ्तार किया गया है. रवि उप्पल महादेव ऐप के संचालक सरगना सौरभ चंद्राकर का राइट हैंड है. रवि उप्पल को भारत लाने की तैयारी की जा रही है. गिरफ्तार आरोपी रवि उप्पल महादेव ऐप के दो मालिकों में से एक है. वह मुख्य आरोपी सौरव चंद्राकर का सहयोगी है. रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था. ईडी के मुताबिक, रवि उप्पल को पिछले हफ्ते दुबई में हिरासत में लिया गया था और एऊ के अधिकारी उसे भारत भेजने के लिए दुबई के अधिकारियों के संपर्क में हैं. रवि उप्पल के खिलाफ भारत में छत्तीसगढ़ और मुंबई पुलिस जांच कर रही है. जबकि महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी जांच कर रही है.



सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने अक्टूबर में छत्तीसगढ़ के रायपुर में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था. एक विशेष अदालत के समक्ष उप्पल और महादेव एप एक अन्य प्रमोटर, सौरभ चंद्राकर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग आरोप पत्र दायर किया था. बाद में ईडी के अनुरोध पर इंटरपोल द्वारा रेड नोटिस जारी किया गया था.

## समारोह स्थल में उत्सव का माहौल

रायपुर,13 दिसंबर। शपथ ग्रहण समारोह को हर कोई यादगार बनाना चाह रहा था। विभिन्न जिले के सांस्कृतिक और परंपरागत नृत्य दल आज खुशी से अपने कला का शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। साइंस कॉलेज चौपाटी के आसपास मांदर की थाप में कर्मा समूह दल अपनी प्रस्तुति से समा बांध रहे थे। लोग भी उत्साहपूर्वक नृत्य करने में लगे थे।

समारोह स्थल में उत्सव सा माहौल था। बस्तर, रायगढ़, कोरबा और अन्य जिले से दल पहुंचे थे। पीपल चौक घोंटमार जिला कोरबा से पहुंचे कर्मा नर्तक दल उत्साह के साथ अतिथियों के स्वागत के लिए आतुर थे। महिला और पुरुष के लगभग 50 साथी कलाकार अपनी विशिष्ट नृत्य शैली के साथ समा बांध रहे थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में प्रचलित सभी लोक नृत्यों का समावेश किया गया था।



## भगत के करीबी कांग्रेस नेता ने की खुदकुशी

अंबिकापुर,13 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहाँ एक कांग्रेस नेता ने सुसाइड कर लिया है। मृतका का नाम सुरेश अग्रवाल है। सुरेश अग्रवाल छग उपभोक्ता परिषद के सदस्य भी थे। सुरेश अग्रवाल पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत के करीबी भी थे लिहाजा सुरेश अग्रवाल की मौत खबर के बाद वह खुद अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवारजनों से भेंट की।

## खरगे चुनेंगे नेता प्रतिपक्ष

रायपुर,13 दिसंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष के नाम का चुनाव कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान प्रभारी अजय माकन व सैलजा मौजूद थे।



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ महतारी

# हमने बनाया है
# हम ही संवारेंगे



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ के लिए
## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की
# गारंटी

### कृषक उन्नति योजना

हम "कृषक उन्नति योजना" की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गतः

- 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी ₹ 3,100 में की जाएगी।
- किसानों का पैसा बिना लम्बी कतारों के एक ही किस्त में पूरा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित करेंगे।
- प्रदेश में धान खरीद से पहले ही बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### महतारी वन्दन योजना

हम 'महतारी वन्दन योजना' की शुरुआत कर प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को ₹ 12,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

### 18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान

हम अपनी पहली 'कैबिनेट बैठक' में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए धन-राशि का आवंटन करेंगे एवं 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक घर में पीने का पानी उपलब्ध करवाएंगे।

### बोनस की गारंटी

सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर 2023 को किसान भाइयों को मिलेगा 2 वर्ष का बकाया धान बोनस

### पी.एस.सी. परीक्षा में पारदर्शिता

हम राज्य में सभी प्रमुख परीक्षाओं की प्रक्रिया को UPSC की तर्ज पर सुव्यवस्थित करेंगे, ताकि भविष्य में सभी शासकीय भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का समावेश हो।

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./39073/19

# विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

# नयी सुबह, नयी सोच

## अब होगा विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण

**सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## एक नजर

### त्रिलोक सिंह सलुजा गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष निर्वाचित

भाटापारा 13 दिसंबर। 12 दिसम्बर को पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा भाटापारा के स. त्रिलोक सिंह सलूजा अध्यक्ष निर्वाचित हुए , यह द्विवर्षीय निर्वाचन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ । स.त्रिलोक सिंह सलूजा के निर्वाचन पर मिक्कू सचदेव , अरुण छाबड़ा बंटी , कन्हैया सेठी , राजा टूटेजा , परमजीत छाबड़ा , विक्की सलूजा , बलविंदर सिंह , मनजीत सिंह हैप्पी , अमरजीत सलूजा , नरिन्दर सिंह बाली , स. दारा सिंह राणा , जॉनी राणा , स. हरमिन्दर सिंह चावला राजू भैय्या ने अपनी शुभकामनाएं दी , इस निर्वाचन में कमल सेठी , रघबीर मक्कड़ , स. इन्द्रजीत सिंह राणा का सहयोग महत्वपूर्ण रहा । समाज वरिष्ठ गुलशन सचदेव , स. भागसिंह सलुजा, स महेन्दर सिंह सलूजा , हरभगवान छाबड़ा ,स. भगत सिंह छाबड़ा ने निर्वाचन पर हर्ष व्यक्त किया साथ ही समाज के लिए अच्छे संकल्प के साथ समाज हित में कार्य करने के लिए आशीर्वाद दिया ।

### सीईओ जिला पंचायत ने फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**धमतरी 13 दिसम्बर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव ने गत दिनों फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर को रवाना किया। उप संचालक कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की जायेगी। बता दें कि रबी वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा अधिसूचित मुख्य फसल गेहूं सिंचित/असिंचित, चना, राई-सरसों एवं अलसी फसलों का फसल बीमा आवरण में सम्मिलित किया गया है, जिसका किसानों को देय प्रीमियम राशि गेहूं सिंचित हेतु 480 रूपये, गेहूं असिंचित 345 रूपये, चना 510 रूपये, राई-सरसों 345 रूपये एवं अलसी 240 रूपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम दर निर्धारित है, जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को बीमा से संबंधित जानकारी दी जायेगी। उप संचालक ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक फसल बीमा करायें, जिससे प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति की भरपाई हो सके।

### प्रिंटिंग के लिए प्रस्ताव 22 दिसम्बर तक आमंत्रित

**धमतरी 13 दिसम्बर।** जिले के विधानसभा क्षेत्र सिहावा, कुरूद एवं धमतरी के मतदान केन्द्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूची व अन्य सुसंगत दस्तावेज का लेजर प्रिंटिंग का कार्य किया जाना है। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋ्रुराज रघुवंशी ने 22 दिसम्बर को दोपहर तीन बजे तक प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी और प्रपत्र के लिए धमतरी जिले की वेबसाईट से डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के के लिए शुरू हुआ पंजीयन

**धमतरी 13 दिसम्बर।** पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरां को सहायता के लिए केन्द्रीय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीयन शुरू हो गया है। इसके लिए पारंपरिक शिल्कार एवं कारीगर आधार कार्ड एवं लिंक मोबाईल नंबर तथा बैंक पासबुक के साथ अपने नजदीक के ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में पंजीयन करा सकते हैं। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि योजना के तहत 18 प्रकार के चयनित ट्रेड वाले पारंपरिक शिल्कारों और कारीगरों को लाभान्वित किया जायेगा। इनमें बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया चटाई झाडू बनाने वाले, पारंपरिक गड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार(पुष्प सज्जा), धोबी, दर्जी, मछली जाल बनाने वाले शामिल हैं। गौरतलब है कि योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्र प्रदाय किया जायेगा। इन कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए पांच से सात दिन का निःशुल्क आवासीय युक्त प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी, जिसमें 500 रूपये प्रति दिन की दर से छात्रवृत्ति प्रदाय किया जायेगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद यंत्र एवं औजार के लिए 15 हजार रूपये का अनुदान सहायता भी उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रूपये तक और दूसरे चरण में दो लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। महाप्रबंधक ने यह भी बताया कि इकाई स्थापना के बाद उत्पादों के डिजाइन एवं विपणन के लिए ब्राण्ड उन्नयन आदि के लिए विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध करायी जायेगी।

### कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम ने कराई साफ सफाई

**धमतरी 13 दिसंबर।** कलेक्टर श्री ऋ्रुराज रघुवंशी ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं परिसरों में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ और सुन्दर रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा के तहत सभी जिला अधिकारियों को अपने और अपने अधीनस्थ कार्यालय तथा परिसर को साफ सुथरा रखने, कंडम वाहनों की नीलामी, पुराने कंप्यूटर, फर्नीचर एवं अनुपयोगी सामग्रियों का निष्पादन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री रघुवंशी के निर्देश पर आज नगर निगम आयुक्त श्री विनय पोयाम ने जिला मुख्यालय धमतरी के आमा तालाब, बनिया तालाब, मकई तालाब सहित नवागाँव वार्ड, मकेश्वर वार्ड, हाटकेश्वर वार्ड, विवेकानंद वार्ड, अंबेडकर वार्ड सुंदरगंज वार्ड, साल्हेवारपारा सहित विभिन्न वार्डों में वृहद साफ-सफाई करायी।

# अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई,मटन मार्केट को हटाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार ,13 दिसंबर।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार,राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम ने आज सुबह ही जिला मुख्यालय सब्जी मार्केट के पास स्थित मटन मार्केट को हटाया गया।

साथ ही उसे निर्धारित स्थान में स्थांतरित किया गया। अब से मटन मार्केट निर्धारित स्थान पर खुलेगा।नगर पालिका आधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि नगर में अतिक्रमित जगहों का चिन्हांकन कर लिया गया है। आने वाले 2-3 दिनों में लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आज की कार्रवाई में बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल,कोतवाली थाना प्रभारी सहित राजस्व, पुलिस, नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कल नगर के रिसदा रोड़ स्थित अवैध चखना सेंटर सहित आस पास के अतिक्रमण को हटाएं गए है।

# नई सरकार के शपथ ग्रहण से पहले ही बदले गए तहसीलदार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 13 दिसंबर।** जिला कलेक्टर कांकेर के द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से कुछ तहसीलदारों को आगामी आदेश पर्यंत जिले के कुछ अन्य तहसील कार्यालयों मे पदस्थापना करने के लिए 11 दिसंबर को आदेश जारी किया गया है । ज्ञात हो कि 13 दिसम्बर को नई सरकार का शपथ ग्रहण किया जाना है। जिला कलेक्टर कांकेर के द्वारा आदेश जारी के तहत कांकेर तहसील मे तहसीलदार सुरेश कुमार राय होंगे , दुर्गकोंदल में पदस्थ नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार पाटले को चारामा का प्रभारी तहसीलदार व परिवीक्षा अवधि वाले नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार नेताम को चारामा का नायब तहसीलदार व चारामा के तहसील के प्रभारी नायब तहसीलदार उमाकांत जायसवाल को दुर्गकोंदल का प्रभारी तहसीलदार बनाया गया है वहीं नरहरपुर तहसील के लिए परिवीक्षा अवधि वाले नायब तहसीलदार सुश्री भाग्यश्री एवं सुश्री उमेश्वरी देवांगन को जिम्मेदारी सौंपी गई है ।



# अभियान चलाकर लंबित आवेदनों का निरकरण समय में कराएं:कलेक्टर

■ कलेक्टर ने समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 12 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों का समय सीमा में निरकरण करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त आवेदनों का तय समय -सीमा में निराकरण करने हेतु अपने मर्तव्यों का गंभीरता से निर्वाहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने भू भाटक की वसूली, अभिलेख शुद्धता, डिजिटल हस्ताक्षर,विवादित एवं अविवादित बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणी में तेजी लाने प्रतिदिन पटवारियों से रिपोर्ट लेने कहा। इसीतरह जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी अभियान चालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों में वापसी की संख्या में कमी लाएं, आवेदन को पूरी तरह जांचने के बाद ही वापसी योग्य हो तभी वापस करें। उन्होंने जल जीवन मिशन।के कार्यो की समीक्षा करते हुए कार्य आदेश जारी होने के बाद शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। जिन 10 ग्रामों में टंकी निर्माण के कार्य शुरू नही हो पाए है उसे शीघ शुरू करने कहा। जल स्रोत की समस्या वाले गांव में सरपंच से समन्वय कर उपयुक्त स्थल का चयन करने के निर्देभ दिये।

कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत, सिकल सेल एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कार्ययोजना बनाने तथा प्रतिदिन टेस्टिंग व स्कैनिंग के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए फिर से अभियान चलाने एवं इसमे सीएचओ का भी सहयोग लेने कहा। धान खरीदी की समीक्षा करते हुए अनुमानित लक्ष्य के अनुसार टोकन जांरी करने तथा उपार्जन केंद्रों से धान का तेजी से उठाव करने के निर्देश दिए। बताया गया कि अब तक एक लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।

बैठक में अपर कलेक्टर द्वय श्री वीसी एक्का, श्री अनुपम तिवारी साहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर श्री मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उलस्थित थे।

# खेल से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है: भोलाराम साहू

**छुरिया 12 दिसंबर।** छुरिया विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरेठटोला में संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू थे, साथ में राजू सिन्हा , ,यशवंत तिवारी, तुलसी राम,राम साहू आदि के आतिथ्य में संपन्न हुआ। संकुल संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं वर्ग हेतु विभिन्न खेल स्पर्धा रखी गई ।जिसमें 80- 600 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद ,रिले रेस, गोली चम्मच रेस, आलू दौड़ ,सुरीली कुर्सी आदि खेल शामिल रहा।

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना किया तत्पश्चात विधायक भोलाराम साहू को बैच ,पुष्पमाला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत सम्मान किया गया।विधायक भोलाराम साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी रहता है ,खेल से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है । उन्होंने आगे कहा कि खेल खेलने से ब्लॉक स्तर से जिला स्तर से राज्य नेशनल लेवल तक पहुंचता है और गांव ,परिवार, समाज का नाम रोशन करता है। श्री साहू ने आगे कहा कि इस तरह से खेल होने से अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण , छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# भाजपाा छुरिया,कुमरदा मंडल की बैठक में सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया

■ गीता घासी साहू बैठक में हुई शामिल,कार्यकर्ताओं का किया आभार

■ छुरिया बस स्टैंड में सरकार बनने की खुशी में फोड़ी पटाखे



**राजनांदगांव 13 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया एवं मंडल कुमरदा में आवश्यक बैठक रखी गई ,जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू मुख्य रूप से उपस्थित रही,उक्त बैठक में भाजपा प्रत्याशी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कार्यकर्ताओं के मेहनत की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने की बधाई दी एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया,भाजपा मंडल अध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं का जोश बढाते हुए कहा कि खुज्जी विधानसभा के परिणाम से निराश नही होने की बात कही एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील करते हुए कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद डडसेना, एम डी ठाकुर,रविन्द्र वैष्णव,मंडल अध्यक्ष ,मंडल महामंत्री आदि नेताओ ने भी अपनी बात रखी। छुरिया बस स्टैंड मेंभाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार बनने की खुशी में फटाखा फोड़ते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जयकारा लगाते हुए खुशियां बाटी।इस दौरान भाजपा मंडल पदाधिकारी ,कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**धमतरी 13 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋ्रुराज रघुवंशी ने गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने इस दिन जिले की सभी देश मदिरा दुकान (कम्पोजिट), देशी/विदेशी मदिरा दुकानों, एफ.एल. 3 बार, एफ.एल.4 क एवं भण्डारण भाण्डागार को बंद रखने के निर्देश दिये हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने किया जाएगा जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 13 दिसम्बर।** भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण योजनाएं,एलपीजी कनेक्शन, गरीबो के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, स्वच्छ पेयजल आदि बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए हितग्राहियों को जागरूक किया जाएगा ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच सुलभ हो सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा में एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ ही ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में अनेक कार्यक्रम होंगे।ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के लिए जनपद सीईओ व नगरीय निकायों में कार्यक्रम के लिए सीएमओ नोडल अधिकारी होंगे। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य,खाद्य, एनआरएलएम, कृषि विज्ञान केंद्र को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी गई है।


### जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं सद्भावना शिविर का आयोजन 17 दिसम्बर को

**राजनांदगांव 13 दिसम्बर।** गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं सद्भावना शिविर का आयोजन 17 दिसम्बर 2023 को शाम 4 बजे सतनाम भवन जीई रोड राजनांदगांव में किया जाएगा। जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में भाग के लिए केवल राजनांदगांव जिले के पंथी नर्तक दल 15 दिसम्बर 2023 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 62 में पंजीयन करा सकते है। पंथी नृत्य दल का प्रदर्शन पंजीयन क्रम के अनुसार होगा, प्रत्येक पंथी नृत्य दल को प्रदर्शन के लिए 10 मिनट का समय दिया जाएगा।

## श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महामहोत्सव का चतुर्थ दिवस

# महाराज नाभिराय महारानी मरुदेवी के यहां हुआ आदि तीर्थंकर का जन्म

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 13 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के समीप धर्म नगरी तिल्दा नेवरा में बर्तमान के वर्धामान परम पूज्य संत शिरोमणी आचार्यश्री 108 विद्यासागरजी महामुनिराज जी के ससंघ सानिध्य व प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय सम्राट भैया जी के प्रतिष्ठाचार्यत्व में श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा के चतुर्थ दिवस आदि तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक मनाया गया ।

अयोध्या के चौदहवें कुलकर राजा नाभिराय व महारानी मरुदेवी के यहां होने वाले तीर्थंकर बालक का जैंसे ही जन्म होता है स्वर्ग लोक में सौधर्म इंद्र का सिंहासन कंपायमान हो उठता है और उन्हें आभास हो जाता है कि भोगभूमि पर होने वाले आदि तीर्थंकर का जन्म हो चुका है वह होने वाले आदि तीर्थंकर के शिशु रूप में सर्वप्रथम दर्शन करने भोगभूमि की अयोध्या नगरी में महाराज नाभिराय के यहां पहुचते हैं लेकिन कोई भी पुरुष वहां जा नहीं सकता ईसलिये उन्हें द्वार पर ही मां मरुदेवी की सेवा में लगी देवियां रोक देती हैं तब उनकी पत्नी देवी सची अंदर जाती हैं और होने वाले तीर्थंकर के शिशु को बाहर लेकर आती हैं आदि तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के शिशु रूप में दर्शन पाकर सौधर्म इंद्र स्वयं को धन्य मानते हैं वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय सम्राट भैया जी के मुखारबिंद से आदि तीर्थंकर के जन्म कल्याणक का मंच पर मंचन होता है आदि तीर्थंकर के जन्म की की तीनों लोकों में खुशियां मनाई जाती हैं भोगभूमि पर सभी के दुख दर्द सब स्वतः दूर हो जाते हैं ।

### जन्म कल्याणक पर भव्य घटयात्रा

अयोध्या रूपी सात दिवसीय धर्म नगरी में आदि तीर्थंकर का जन्म होते ही उनके जन्म की खुशी में अष्ट देवियां सर पर मंगल कलश लिए घटयात्रा निकालती हैं घटयात्रा में आदि तीर्थंकर के जन्म कल्याणक की खुशी में झूमते गाते भक्ति में लीन होकर महिलाएं व बालिकाएं चलती हैं नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए घटयात्रा महामहोत्सव स्थल पर वापस आती है।

### पांडुक शिला पर हुआ जन्माभिषेक

आदि तीर्थंकर के जन्म कल्याणक में पांडुक शिला पर आदि तीर्थंकर का जन्माभिषेक सौधर्म इंद्र व अन्य सभी इंद्र करते हैं ब्रह्मचारी विनय सम्राट भैया जी के मुखरबिंद से जन्माभिषेक पाठ का वाचन संगीत की मधुर ध्वनि के साथ होता है ओर सभी शुद्ध धोती दुपट्टा धारण किये इंद्र इंद्राणी आदि तीर्थंकर प्रभु का जन्माभिषेक करते है आदि तीर्थंकर के जन्मकल्याणक पर उन्हें पालना झुलाने की धार्मिक क्रियाएं भी होती है।

### आचार्यश्री की आहारचर्या

मंगलवार को आचार्यश्री का पड़गाहन कर आहार दान करने का शौभाग्य पंचकल्याणक में राजा श्रेयांश एवं राजा सौम्या बने तिल्दा नेवरा के नायक परिवार को प्राप्त हुआ।

अशोक कुमार जैन महा संरक्षक अमित कुमार जैन एवं अतुल कुमार जैन रियांश जैन तनिष्क जैन किरण बाला जैन राशि जैन राखी जैन आरणा और आरोही परिवार ने आचार्यश्री को आहारदान का पुण्य प्राप्त किया।

### सभी वर्गो का सहयोग

पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महामहोत्सव में सभी वर्ग के लोग जैन समाज का कांधे से कांधा मिलाकर सहयोग।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202312092100007**

विषय - अ-6 अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
जामरी ( प. ह. नं. 00021 ),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- अमरू लाल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरू लाल आ. नारायण जाति कलार निवासी ग्राम जामरी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम जामरी प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. चौथना स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 176 रकबा 0.032 हे. भूमि स्थित है। एवं ऋण पुस्तिका में दर्ज है तथा ऑनलाईन बी-1 खसरा नक्शा में खसरा नंबर 176/4 रकबा 0.081 हे. भूमि दर्ज है। आवेदक अपने उक्त खसरा नंबर 176 रकबा 0.081 हे. भूमि के स्थान पर सही खसरा नंबर 176/4 रकबा 0.032 हे. किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथह्य तलवाना फार्म, ऋण पुस्तिका की छाया प्रति, बी-1, नक्शा, खसरा पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29.12.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकतें है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़





हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की

# गारंटी

## तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस

- हम प्रदेश में तेंदूपत्ता का संग्रहण ₹ 5,500 प्रति मानक बोरा में करेंगे।
- वर्तमान संग्रहण अवधि में 15 दिनों की बढ़ोतरी की जाएगी।
- इसके अतिरिक्त संग्राहकों को ₹ 4,500 तक बोनस, चरणपादुका एवं अन्य सुविधाएँ पुनः प्रदान की जाएंगी।

## श्रीरामलला दर्शन

हम प्रदेशवासियों को हमारे आस्था के प्रतीक प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या लेकर जाएंगे।

## दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना

हम 'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना' की शुरुआत कर प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूर को हर साल 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे।

## रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती

हम प्रदेश के 1 लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित करेंगे।

## 500 में सिलेंडर

हम गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 में गैस सिलेंडर प्रदान करेंगे, इससे महिलाओं को अपनी गृहस्थी चलाने में मदद मिलेगी।

# संकल्प निभाएंगे
# समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाएंगे...

**सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./ 39073/19

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23